Title: Need to provide halt of Sangam Express/Chaura-Cahuri Express at Bindgi railway station in Fatehpur, Uttar Pradesh.

डा. अशोक पटेल (फतेहपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) में बिन्दगी तहसील पीतल के कलसा उद्योग के लिए बहुत प्रसिद्ध है। बिंदगी स्टेशन से अनेक प्रमुख गाड़ियां गुजरती हैं लेंकिन उनमें कोई भी गाड़ी इस स्टेशन पर नहीं रुकती जिससे वहां के निवासियों को तथा बाहर से आने वाले व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे कलसा उद्योग भी प्रभावित होता है। संगम एक्सप्रेस/चौरी-चौरा एक्सप्रेस जैसी प्रमुख गाड़ियों को पकड़ने के लिए वहां के निवासियों को या तो फतेहपुर अथवा कानपुर जाना पड़ता है जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे उनका न केवल समय नष्ट होता है बल्कि उन्हें भारी धनराशि भी व्यय करनी पड़ती है। अतः सरकार से अनुरोध है कि बिंदगी स्टेशन पर संगम एक्सप्रेस/चौरी-चौरा एक्सप्रेस का हाल्ट बनाया जाए। इससे न केवल वहां के निवासियों की कठिनाइयों का समाधान करने में सहायता मिलेगी बल्कि कलसा उद्योग को भी प्रोत्साहन मिलेगा।